हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 29 मार्च 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 चाबी राज में फंसा तालाब, 25 हजार लोगों पर जल...



07 बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज़...



## खबर संक्षेप

### नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन 30 को

**सागर।** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से पुराने निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में महापौर संगीता सुशील तिवारी वित्तीय वर्ष 2026-27 का नगर निगम का बजट प्रस्तुत करेंगी। बैठक में परिषद के सभी पार्षदगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे ।

### आबकारी विभाग टेंडर प्रक्रिया के नवें चरण के लिए कार्यक्रम आज

**सागर।** आबकारी विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया के नवें चरण के लिये कार्यक्रम जारी किया गया है। एकल मदिरा दुकान के लिये भी टेंडर भरे जा सकते हैं। आरक्षित मूल्य से 20% प्रतिशत कम मूल्य पर पर टेंडर भरने की सुविधा। टेंडर भरने की अंतिम तिथि 29 मार्च दोपहर 2.00 बजे तक।

### एकता समिति ने श्रीराम नवमी मनाई

**सागर।** एकता समिति ने राधा तिराहा स्थित श्री जानकी रमण मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया एवं विश्व शांति के लिए प्रार्थना कर श्रीराम नवमीं मनाई। संस्थापक रशीद भाई ने कहा कि एकता समिति सभी धर्मो का सम्मान करती है इससे एकता प्रेम सद्भाव भाईचारा की भावना को बढ़ावा मिलता है। अध्यक्ष सुधीर जैन ने भजन गया दुनिया चले ना श्री राम के बिना और राम जी चले ना श्री हनुमान के बिना। यह प्राचीन मंदिर लगभग 160 वर्ष पुराना है यहां पर जो भी भक्त दर्शन करने आते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। यह सिद्ध क्षेत्र मंदिर है। उपस्थित सभी ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम के भजन गाकर प्रार्थना की। इस अवसर पर कमलचंद जैन, चंपक भाई जैन, अजीत जैन, प्रमोद पटेल, टोनी केसरवानी, रशीद भाई, सुधीर जैन श्री जानकी रमण मंदिर के सदस्य एवं भक्तगण उपस्थित थे।

### दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन पुरस्कार

**सागर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाने वाले राहवीरों को प्रोत्साहन राशि और सम्मान दिया जाएगा। केंद्र सरकार की पीएम राहवीर योजना का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना और मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल को तुरंत अस्पताल पहुँचाता है, तो उसे प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही मदद करने वाले व्यक्ति से अनावश्यक पूछताछ नहीं की जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय या संकोच के आगे आकर मानवता का परिचय दे सकें। कलेक्टर संदीप जी आर ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं सड़क दुर्घटना दिखाई दे तो घायल व्यक्ति की मदद अवश्य करें और उसे शीघ्र अस्पताल पहुँचाने में सहयोग करें। आपकी तत्परता किसी के परिवार की खुशियां बचा सकती है। प्रशासन का कहना है कि यह योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए एक जीवनरक्षक पहल है और समाज में संवेदनशीलता व सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है।

### परिवार पर लाठी-डंडों से हमला, धमकी दी

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर पेश दरवाजा वादी मोहल्ला में बुधवार रात एक परिवार पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और घूंसे-लातों से हमला कर दिया। आरोपियों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित रामसेवक ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। बताया कि 25 मार्च 2026 को रात 8 बजे पीड़ित रामसेवक पुत्र भैयालाल विश्वकर्मा घर के बाहर हमला किया गया।

### जीवन के तीन मुख्य आधारों में विद्यार्जन, धनार्जन और पुण्यार्जन प्रमुख हैं : केशवगिरी महाराज

# प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती यह बात होनहार युवाओं ने अनेक बार की है सिद्ध : मंत्री गोविंद सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पं दीनदयाल उपाध्याए शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर में छात्र-छात्राओं के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुन्देली अखाडा के माध्यम से बुन्देंली मार्सल आर्टस को सुरक्षित रखने वाले पदमश्री भगवानदास रैकवार ने की। महापुरुषों की स्मृतियों के बीच हुआ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर मंच पर महंत श्री केशव गिरी जी महाराज, नेवी जैन एवं पंडित सुखदेव मिश्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता सहित वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ विनय शर्मा, डॉ जयकुमार सोनी, डॉ राणा कुंजर सिंह और डॉ शुचिता अग्रवाल द्वारा किया गया। अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने विद्यार्थियों से कहा कि कर्म भूमि की दुनिया में श्रम सभी को करना होगा। प्रभु सिर्फ लकीरें देता रंग हमी को भरना होगाश पंक्तियों के वाचन के साथ विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्सव विद्यार्थियों ने वर्ष भर जिस निष्ठा और लगन से शैक्षणिक और शैक्षिणेत्तर गतिविधियों में उपलब्धियां अर्जित की है उन्हें सम्मानित करने और प्रोत्साहित करने का दिन है । अपने संबोधन में मुख्य अतिथि गोविंद सिंह राजपूत ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज का युग युवाओं का है। उन्होंने गौरव के साथ उल्लेख किया कि छात्र शक्ति से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती और इतिहास साक्षी है कि जब भी देश पर संकट आया नौजवान पीढ़ी ही आगे आई है। एक समय था जब अनुभव का अर्थ केवल सफेद बाल और बड़ी उम्र माना जाता था लेकिन आज की पीढ़ी ने सिद्ध कर दिया है कि टैलेंट उम्र का मोहताज नहीं होता। आज 25 साल के युवा बड़ी कंपनियों के सीईओ बनकर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि महाविद्यालय में आधुनिकता के साथ-साथ महर्षि गौतम कणाद और नागार्जुन जैसे ऋषियों के चित्र लगाकर अपनी विरासत को जीवित रखा गया है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के सीएम राइज स्कूलों का नाम अब सांदीपनि विद्यालय रखा जा रहा है ताकि हमारी भावी पीढ़ी भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली और गौरवशाली इतिहास से जुड़ी रहे। राष्ट्रवाद और चरित्र निर्माण पर जोर विशिष्ट अतिथि महंत श्री केशव गिरी जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में जीवन के तीन मुख्य आधारों में विद्यार्जन धनार्जन और पुण्यार्जन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुण्यार्जन का वास्तविक अर्थ केवल माला जपना नहीं बल्कि अपनी वाणी और कर्म से किसी को कष्ट न देना है। उन्होंने युवाओं से जातिवाद की संकीर्णता को छोड़कर राष्ट्रवादी समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। सम्मान एवं समापन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधाओं खेलकूद और शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार डॉ अमर कुमार जैन ने किया। अंत में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

#### इन विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त आयुषि राजपूत, आंशी गुप्ता, मुस्कान साहू, अनुश्री चौबे, आयुश्री बोहरे, मीनू दुबे, सचिन कुमार साहू, कंचन मिश्रा एनसीसी से राजा प्रजापति, समीर कुशवाहा, श्रेयांस राय, आयुष साहू, पुरुषोत्तम पटेल, ओमश्री अहिरवार, अभिषेक रजक, भानू लोधी, अनिल पटेल, विनोद यादव, चित्रकला प्रशिक्षण कम्प्यूटर एवं अर्थशास्त्र विभाग महाविद्यालय के युवा उत्सव के साथ पत्रकारिता के विद्यार्थियों का का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ गोपा जैन, डॉ रंजना मिश्रा, डॉ इमराना सिद्दीकी, डॉ अभिलाषा जैन, डॉ प्रतिभा जैन, रेनू सोलंकी, सुरेन्द्र यादव, डॉ जयनारायण यादव, डॉ अजय व्यास सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।



## भक्ति, उत्साह और जनसैलाबः रामनवमी में खुरई की सड़कों पर दिखा अद्भुत नज़ारा

**खुरई।** रामनवमी के पावन अवसर पर खुरई नगर में इस वर्ष आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयघोष से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। युवा संगठन समिति के तत्वाधान में निकाली गई भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा ने नगर को पूर्णतः राममय बना दिया और खुरई के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। शोभायात्रा की शुरुआत प्राचीन पुराने हनुमान मंदिर से विधि-विधान के साथ हुई। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं श्री हनुमान जी की आकर्षक एवं सजीव झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पालकी में विराजमान श्रीराम परिवार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पारंपरिक अखाड़ों के हैरतअंगेज प्रदर्शन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्तिमय धुनों पर सजे डीजे ने पूरे माहौल को उत्साह और भक्ति से सराबोर कर दिया। यह विशाल शोभायात्रा झंडा चौक, मुख्य बाजार सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई महाकाली टीन शेड पहुँची। यात्रा मार्ग में जगह-जगह भव्य स्वागत द्वार बनाए गए थे,जहाँ नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। समाजसेवियों द्वारा शीतल पेय, फलाहार एवं प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे सेवा और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से झलकी। महाकाली टीन शेड में विधिवत महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण रहा कि खुरई में धर्म और आस्था के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में श्री राम सेना समिति द्वारा प्रशासन, समाजसेवियों एवं समस्त नगरवासियों का आभार व्यक्त किया गया। उनके सहयोग और समर्पण के कारण यह आयोजन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और भव्य रूप से संपन्न हो सका। यह ऐतिहासिक आयोजन एक बार फिर सिद्ध करता है कि खुरई की पावन धरती पर धर्म, एकता और सामाजिक समरसता की भावना गहराई से रची-बसी है।

## नगर निगम और पंचायतों को कलेक्टर के निर्देश, सार्वजनिक स्थानों पर लगाएं प्याऊ



**सागर।** गर्मी की दस्तक के साथ ही आमजन को राहत पहुंचाने के लिए कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर निगम और सभी ग्राम पंचायतों को सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ स्थापित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख बाजारों, अस्पतालों सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ठंडे और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नगर निगम के अधिकारियों को शहर के मुख्य चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने और उनके नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद सीईओ और सरपंचों को निर्देश दिए गए हैं कि पंचायतों के माध्यम से प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर जल सेवा शुरू की जाए ताकि राहगीरों को धूप में भटकना न पड़े। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों के साथ-साथ कलेक्टर संदीप जी.आर. ने जिले के सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और दानदाताओं से भी आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में समाज की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सामाजिक संगठन अपने स्तर पर व्यस्ततम क्षेत्रों में मटकों या वाटर कूलर के माध्यम से प्याऊ संचालित करें, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि पेयजल की शुद्धता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही, जिन स्थानों पर प्याऊ लगाए जा रहे हैं, वहां जल का अपव्यय न हो, इसका भी प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी नागरिक या राहगीर इस गर्मी में प्यासा न रहे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बंडा में क्षत्रिय महासभा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

क्षत्रिय महासभा जिला सागर द्वारा आगामी 20 अप्रैल को सागर के रुद्राक्ष धाम में आयोजित होने वाले क्षत्रिय समाज के सामूहिक कन्या दान विवाह सम्मेलन को लेकर बंडा ब्लाक क्षत्रिय महासभा की बैठक का आयोजन हुआ। क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष लखन सिंह और संरक्षक मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस बैठक में सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

इस आयोजन को लेकर जिले भर में क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित बैठकों के क्रम में बंडा में ब्लाक स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और धन संग्रह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा तथा संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्यों ने संबोधित किया।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने कहा कि पूर्व गृहमंत्री, भूपेन्द्र सिंह की पहल पर क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ जनों के मार्ग दर्शन में यह सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकजुटता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का प्रतिबिम्ब है। इस आयोजन के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को समाज के सहयोग से गरिमामयी कार्यक्रम के साथ सम्मान पूर्वक विवाह का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसका समाज में सकारात्मक संदेश जा रहा है। सम्मेलन के आयोजन के लिए ब्लाक स्तर पर गठित बंडा की कमेटी के सदस्यों और समाज के नागरिकों ने इस बैठक में तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि विवाह हेतु सागर जिले की कन्याओं का ही किया जाएगा साथ ही इसके लिए गरीबी की वास्तविक आर्थिक स्थिति को आधार माना जाएगा ताकि वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को ही इस आयोजन का लाभ मिल सके।

सम्मेलन के लिए धन संग्रह की अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित की गई है। वहीं सामूहिक विवाह में शामिल होने के इच्छुक परिवारों से 6 से 10 अप्रैल के बीच आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदन के साथ आयु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य रहेगा। आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं के विवाह संपन्न कराने हेतु समाज के नागरिक बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। बैठक में क्षत्रिय महासभा के बंडा ब्लाक अध्यक्ष नत्थूसिंह और जिला युवा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सिगदौनी ने कहा कि इस पुण्य कार्य में समाज के हर व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। सभी सक्षम परिवारों को अपनी श्रद्धा अनुसार आर्थिक सहयोग अवश्य देना चाहिए।



## रहली के सभी राम मंदिरों में मनाई गई रामनवमी, निकली शोभायात्रा

**रहली।** रामनवमी पर नगर के सभी राममंदिरो में भगवान राम का जन्मोत्सव रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। सभी मंदिरों में सजावट की गई । देवलिया मंदिर पुजारी नंदकिशोर मिश्रा ने बताया कि बिगत तीन दिन से तैयारी चल रही हे।आज भगवान का अभिषेक, पूजन श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे भगवान का जन्मउत्सव मनाया गया। वही पंडलपुर के राम जानकी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई किले वाले हनुमान मंदिर पर समापन हुआ। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष देवराज सोनी सहित हजारों श्रद्धालु सम्मिलित हुए।




## कांग्रेसजनों ने तीनबत्ती पर राम राजा सरकार की पुष्पवर्षा कर की अगवानी

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में गौर मूर्ति तीन बत्ती पर श्री रामनवमी पर निकले विशाल चल समारोह पर पुष्प वर्षा कर भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण कर अगवानी की। जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि राम सेवा, समर्पण, और संस्कार का एक नाम है। भगवान राम मर्यादा के प्रतीक है उन्होंने जो जीवन जिया सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा।इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, कमलेश तिवारी, आनंद हेला, नीलेश अहिरवार, लीलाधर सूर्यवंशी, नरेंद्र मिश्रा, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, दीनदयाल तिवारी, गोपाल प्रजापति, अरविंद ठाकुर, अजय लारिया, राहुल खटीक, नरेश सनकत, संजय शराफ, श्री दास रैकवार, बाबू मछंदर, विनोद रैकवार, प्रशांत रैकवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

### रामनवमी महामहोत्सव चल समारोहों के निकलते ही एक घंटे में चकाचक साफ किए गए सड़क मार्ग

# ऐतिहासिक धार्मिक उत्सव और परंपराओं का सागर अब स्वच्छ चल समारोहों की परंपरा का बन चुका है समंदर : निगमायुक्त खत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



रामनवमी के पावन अवसर पर चम्पाबाग़ मंदिर से प्रारम्भ हुई श्री राम जन्मोत्सव पालकी यात्रा सहित शहरभर में निकले रामनवमी महामहोत्सव चलसमारोहों के साथ-साथ चलकर नगर पालिक निगम सागर की स्वच्छता टीम ने एक घंटे में सड़कों से फूल पत्ती, फलों के छिलके आदि कचरा समेट कर सड़कों को चकाचक साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों में चलसमारोह निकलने के बाद सड़के पहले की तरह साफ-स्वच्छ रहे और नागरिकों को स्वच्छता अपनाने की प्रेरणा मिले इस उद्देश्य से स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत निगमायुक्त श्री राजकुमार खत्री द्वारा किया गया नवाचार सफाई मित्रों और शहर के लिए एक परम्परा बन चुका है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा की नगर पालिक निगम सागर द्वारा वर्ष 2024-25 से स्वच्छता की गागर, अपनों सागर अभियान के रूप में जुलूस और चल समारोहों के निकलने के तुरंत बाद एक घंटे में सड़कों की सफाई हेतु प्रारम्भ की गईं सकारात्मक पहल अनवरत चली आ रही है। ऐतिहासिक धार्मिक उत्सव परम्पराओं का सागर अब स्वच्छ चलसमारोहों की परम्परा का सागर बन चुका है। शहर में स्वच्छोत्सव चलसमारोह निकालने में आयोजन समितियों और जागरूक नागरिकों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। हमारे द्वारा जिन अपेक्षाओं के साथ यह नवाचार प्रारम्भ किया गया, स्वच्छता के प्रति उससे भी अधिक समर्पण और सहयोग का भाव आज सफाईमित्रों और नागरिकों में देखने मिल रहा है। इन्हीं अथक प्रयासों का परिणाम था की विगत वर्ष सागर शहर ने 77वीं रैंक से ऊपर उठकर स्वच्छ सर्वेक्षण में देश में 10वीं रैंक हासिल की थी। इस बार निगम प्रशासन और नागरिकों का सयुक्त प्रयास सागर को स्वच्छता में अव्वल बनायेगा ऐसा हमारा विश्वास है। सागर शहर को समुचित रूप से साफ, स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए जन भागीदारी अत्यावश्यक है ऐसे चल समारोह व जुलूस आदि के साथ सफाई होती देख नागरिकों में सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है और कुछ ही मिनटों में हमारी सड़के भी पूर्ववत स्वच्छ हो जाती हैं। हमें नागरिकों को जागरूक बनाना है, प्रत्येक नागरिक ठान ले की मुझे अपने आस-पास सदैव सफाई रखना है तो गंदगी और कचरे का नामोनिशान समाप्त हो सकता है। हम सभी को जन भागीदारी से स्वच्छता में शहर को शीर्ष स्थान दिलाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा की कचरा चाहे जैसा भी हो सारा का सारा कचरा कलेक्शन वाहनों में ही दें यहां वहां रोड किनारे या नालियों में न फेकें। सभी नागरिकों का नागरिक कर्तव्य है की वे सूखा-गीला कचरा अलग कर कचरा वाहनों में दें और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने सहायक बने।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में सागर को अव्वल बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक आवश्यक पहलु पर सजगता के साथ कार्य किया जा रहा है। इसके तहत राम नवमी के दिन सभी वार्डों में सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों के आसपास आदि की विशेष साफ सफाई कर चूना मार्किंग की गईं। प्रसादी वितरण स्थल एवं स्वागत पंडालों के आस-पास सहित मुख्यमार्गो की प्रेसर मशीन से धुलाई की गईं। शहर में निकलने वाली सभी पालकी यात्राओं के रूट अनुसार सड़क मार्गो की सफाई सुनिश्चित की गई।

#### सफाई मित्रों ने एक घंटे में चकाचक सड़कें साफ कीं

नगर निगम सफाई मित्र दस्ताने, जैकिट, झाडू, तसला और कचरा कलेक्शन वाहन आदि सफाई संसाधनों के साथ चलसमारोह के प्रारम्भ स्थल पर तैनात रहे जैसे ही चम्पाबाग से चल समारोह प्रारम्भ हुआ उसके पीछे पीछे चलकर सफाई मित्रों द्वारा तत्काल झाडू लगाई गईं फूल पत्ते फलो के छिलके एकत्र किये गये अन्य कचरे को कचरा वाहनों में एकत्र किया गया। चलसमारोह समापन तक यह प्रक्रिया लगातार चलती रही और सड़के पहले की तरह साफ स्वच्छ हुईं।




## श्रीराम नवमी चल समारोह में शामिल हुईं महापौर

**सागर।** जीवन रैन बसेरा, बस स्टैंड सागर पर आयोजित श्री राम चल समारोह (शनिचरी) में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने युवा भाजपा नेता अभिराज सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ सुशील तिवारी के साथ पहुंचकर सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया।

## चौकीदार ने पंच को दी चाबी, एक व्यक्ति के लिए 5 घंटे बहता रहा पानी

# चाबी राज में फंसा तालाब, 25 हजार लोगों पर जल संकट का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान





पिछले वर्ष भारी बारिश होने के चलते जिले के कई तालाब पानी से लबालब भर गए थे लेकिन आबक व पोषक नहरों व स्थानों पर अतिक्रमण के चलते कुछ तालाब पानी से वंचित रह गये थे जिनमें सीमित जलसंग्रहण हो पाया था। ऐसा ही तालाब बड़ागांव धसान नगर का पोखना तालाब भी है जो पूर्ण रूप से नहीं भर पाया था लेकिन इसके बावजूद तालाब में संचित पानी को सिंचाई विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के चलते निजी स्वार्थ के चलते व्यर्थ बहाया जा रहा है।

तालाब के चौकीदार द्वारा स्थानीय व्यक्ति को नहर खोलने की चाबी देने की वजह से अक्सर नहर को मनमाने रूप से निजी स्वार्थ के चलते घंटों खोलकर तालाब के पानी को व्यर्थ बहाया जा रहा है। हालांकि इस बार उक्त लापरवाही मीडिया के सामने आने पर जब सिंचाई विभाग से सवाल जबाव किया गया तो आनन फानन में चौकीदार द्वारा तालाब नहर खोलने की चाबी लेकर नहर को बंद करवा दिया गया। और अब सिंचाई विभाग के अधिकारी उक्त चाबी को कार्यालय में जमा करवाने की बात कहकर अपना बचाव करते नजर आ रहे हैं। उक्त लापरवाही पर नगर के लोगों ने जबरदस्त नाराजगी व्यक्त कर कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि विभाग द्वारा सख्त कदम उठाते हुए उक्त लापरवाही पर पूर्ण रूप से पावंदी लगाई जाए।

### निजी लाभ के लिए खोल दी समिति पंच ने नहर, 5 घंटे बहता रहा पानी

बड़ागांव नगरवासियों प्रसून क्षत्रिय, मुकेश सेन, शोभाराम विश्वकर्मा, हरीश गुप्ता, हरचरण कुशवाहा, हरगोविंद साहू, उमेश मिश्रा, जीतेन्द्र सिंघई रानू, मुकेश संज्ञा, रवि पांडे, फतेह विश्वकर्मा, राकेश लोधी, दयाराम कुशवाहा, धनीराम लोधी, पप्पू नायक, दिप्पू राजा मोखरा, मनीराम तिवारी मोखरा आदि ने बताया कि बड़ागांव के पोखरा तालाब में काफ़ी कम पानी संचित है। इसके बावजूद भी सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से अक्सर निजी लाभ के चलते नहर को खोलकर तालाब का पानी व्यर्थ वहा दिया जाता है। जिसकी कई बार शिकायत की गईं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी बजह से पोखरा तालाब में अब बहुत कम पानी बचा है। नगरवासियो ने बताया कि 28 मार्च के दिन भी नहर को एक ब्यक्ति के निजी लाभ के लिए खोल दिया गया। यह नहर 5 से 6 घंटे तक खुली रही। लेकिन ज़ब मीडिया बालो को बताया गया तब जाकर नहर को बंद किया गया। ज़ब उक्त संबंधित में तालाब चौकीदार कोमल यादव से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नहर चाबी जल उपभोक्ता समिति के पंच बाबू लोधी को दी थी। जिन्होंने चालाकी करते हुए नहर खोल दी। लेकिन अब नहर को बंद कर दिया गया है और बाबू लोधी से चाबी भी ले ली गईं है।

### ऐतिहासिक चंदेलकालीन जलसंरचना है पोखना तालाब

बड़ागांव धसान का पोखना तालाब एक ऐतिहासिक चंदेल कालीन जल संरचना है, जो नगर की प्यास बुझाने का मुख्य स्रोत है। और बुंदेलखंड की समृद्ध जल प्रबंधन संस्कृति को दर्शाता है। तालाब के बंधान पर एक प्रसिद्ध देवी मंदिर स्थित है, जिन्हे बड़ागांव की बड़ी महामाई के रूप में जाना जाता है, जहां नौ रूपों में देवी पूजा होती है। यह तालाब वर्तमान में अतिक्रमण और उपेक्षा के कारण जर्जर हालत में है। पोखना तालाब की पोषक नहरों पर अवैध कब्जे के कारण बारिश का पानी तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा है। हालांकि हाल ही में इसके जीर्णोद्धार के प्रयास शुरू हुए हैं। हाल के दिनों में प्रशासन ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब की सफाई और नहरों की खुदाई शुरू कराई है।

### चौकीदार की जगह स्थानीय पंचों के पास 4 तालाबों की चाबी

उक्त संबंध में ज़ब पोखर तालाब चौकीदार कोमल यादव से बात की गई तो अनजाने में कोमल ने जल संरक्षण को लेकर सिंचाई विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही को उजागर करते हुए बताया कि हमारे पास 4 गांबो के तालाबों बड़ागांव, दरगुवा, डुंडा और परा तालाब की चौकीदारी का कार्य है। इसलिए हम स्थानीय जल उपभोक्ता समिति के पंच को सुबिधानुसार तालाब की नहर खोलने की चाबी दे देते हैं। इसलिये बड़ागांव के पोखरा तालाब की चाबी बाबू लोधी को दी। लेकिन बाबू ने चालाकी करते हुए नहर खोल दी। बहीं दूसरी ओर ज़ब सिचाई विभाग के एसडीओ डीआर कुमार से पूंछा गया तो उन्होंने भी लापरवाही स्वीकार करते हुए कहा कि हमारे मौखिक निर्देश पर चौकीदार कोमल द्वारा सुबिधा की दृष्टि से तालाब की चाबी स्थानीय जल उपभोक्ता समिति के पंच को दी जाती थी। लेकिन अब चाबी ऑफिस में रखबाई जाएगी। एसडीओ कुमार और चौकीदार कोमल की बात से ही पता चल रहा है कि तालाब के जल संरक्षण को लेकर सिंचाई विभाग किस कदर लापरवाह है। जिसका असर जलसंकट को दूर करने के प्रयासों पर पड़ रहा है।

### 8 फीट भरे तालाब में बचा डेढ़ फीट पानी, 25 हजार आबादी संकट में

सिंचाई विभाग के ही कर्मचारियों ने दबी जुबान में बताया कि पोखरा तालाब की पोषक नहरों पर अतिक्रमण होने की बजह से उक्त तालाब साढ़े 11 फीट के स्थान पर बारिश में 8 फीट ही भर पाया था। लेकिन मनमाने रूप से नहर खोलकर पानी की बर्बादी करने की बजह से उक्त तालाब में अब मात्र डेढ़ फीट पानी ही बचा है। जबकि उक्त तालाब पर नगर व आसपास की लगभग 25 हजार की आवादी पानी के लिए निर्भर है। साथ ही उक्त तालाब पर 15 सौ एकड़ का सिचाई क्षेत्र निर्भर है जिसकी भूमि भी तालाब से सिंचित होती है। जिस पर अब पानी की कमी का संकट खड़ा हुआ है।

### इनका कहना है

जल उपभोक्ता समिति पंच की चालाकी की वजह से 2 घंटे नहर खुली रही। लेकिन जानकारी मिलते ही नहर को बंद करवा दिया गया है। कोमल के पास 4 तालाबों दरगुवा, डुंडा, परा और बड़ागांव तालाब की चौकीदारी का कार्य है।

**डीआर कुमार**, एसडीओ, सिंचाई विभाग बड़ागांव धसान

हमारी देखरेख में 4 से 5 तालाब हैं, इसलिए हम स्थानीय पंच को चाबी दे देते थे। इसी का फायदा उठाकर बाबू लोधी ने नहर खोल दी थी लेकिन फिर जानकारी लगने पर हमने उनसे चाबी ले ली और नहर बंद कर दी।

**कोमल यादव**, चौकीदार, पोखना तालाब बड़ागांव धसान

## जवारे विसर्जन के दौरान हुआ मधुमक्खियों का हमला

# तेज हवा के चलते छत्ते में मची हलचल, भगदड़ में कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा





थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैपुरा में जवारे विसर्जन के दौरान मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले से हड़कंप मच गया। इस दौरान हुई भगदड़ की घटना में 10 बच्चों सहित करीब 30 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल पलेरा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है, जबकि कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी भी दे दी गई।

उक्त घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सैपुरा गांव के करीब 100 ग्रामीण देवी मंदिर से जवारे लेकर भावरी माता मंदिर विसर्जन के लिए जा रहे थे। गांव में धार्मिक माहौल था और श्रद्धालु भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक तेज हवा चलने लगी। जिससे सड़क किनारे स्थित महुआ के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते में हवा के कारण हलचल पैदा हो गई। छत्ते में हलचल होते ही मधुमक्खियां झुंड बनाकर श्रद्धालुओं पर टूट पड़ीं।

मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कई लोग मधुमक्खियों के डंक से घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। तब मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और निजी वाहनों से तत्काल पलेरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सभी का इलाज किया।

मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी मनकु यादव ने बताया कि ग्रामीण जवारे विसर्जन के लिए भावरी माता मंदिर जा रहे थे, तभी तेज हवा के झोंके से पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते में हलचल हुई और मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए। समय पर इलाज मिलने से बड़ा हादसा होने से टल गया। यदि समय रहते घायलों को अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि धार्मिक मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ों पर लगे मधुमक्खियों के छत्तों को चिन्हित कर सुरक्षित तरीके से हटाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। गनीमत यह रही कि मौके पर मौजूद कुछ लोगो ने हिम्मत दिखाते हुए स्थिति को संभाल लिया। अन्यथा भगदड़ की स्थिति में बच्चो और महिलाओ की मौजूदगी के चलते बड़ा हादसा भी हो सकता था।

### अश्लील कंटेंट वायरल करने वाले पर केस

ललितपुर। डिजिटल दौर में सोशल मीडिया के दुरुपयोग और साइबर अपराध का एक गंभीर मामला थाना महरौनी में सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवती के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी तस्वीरें और अश्लील वीडियो (रील्स) वायरल करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बहन के नाम से एक फर्जी आईडी बनाई है। आरोप है कि इस आईडी पर उसकी बहन की असली फोटो के साथ-साथ छेड़छाड़ की गई।

## तलवार-कुल्हाड़ी से किया था हमला

# हत्याकांड मामले में 9 साल बाद फैसला, 18 दोषियों को सजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के बहुचर्चित खरगापुर हत्याकांड मामले में टीकमगढ़ जिला न्यायालय ने 9 वर्ष बाद बड़ा फैसला सुनाते हुए 18 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने सभी दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। फैसले के बाद सभी दोषियों को जेल भेज दिया गया। करीब 9 वर्ष पुराने इस मामले में आए फैसले को न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार यह घटना 11 दिसंबर 2016 की है, जब खरगापुर नगर में अब्दुल कादिर उर्फ कद्दू पर 18 लोगों ने मिलकर तलवार, कुल्हाड़ी और लाठी जैसे घातक हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया था। जिससे अब्दुल कादिर की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि करीब 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अदालत में पेश किये गये साक्ष्यों के अनुसार आरोपियों ने एकजुट होकर घात लगाकर हमला किया था। हमले में धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया, जिससे अब्दुल कादिर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बीच बचाव करने आए अन्य लोग भी हमले में घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था और लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने उक्त मामले में प्रस्तुत गवाहों के बयान, चिकित्सकीय रिपोर्ट, जब्त हथियार और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सभी 18 आरोपियों को दोषी पाया। अदालत ने मुख्य आरोपी असलम सहित सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और आर्थिक दंड से भी दंडित किया। यह मामला वर्ष 2016 का था और लगभग 9 वर्ष तक न्यायालय में सुनवाई चलती रही।

इस दौरान अभियोजन पक्ष ने लगातार साक्ष्य और गवाह पेश किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपियों को दोषी करार दिया। फैसले के बाद पीड़ित पक्ष ने न्यायालय के निर्णय पर संतोष जताया है। खरगापुर क्षेत्र में यह मामला लंबे समय से चर्चा में था। अब न्यायालय का फैसला आने के बाद इसे न्याय व्यवस्था की बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि इतने बड़े हत्याकांड में आए इस फैसले से अपराधियों में कानून का भय बढ़ेगा।

## महाराष्ट्र की ढोल पार्टी, वृंदावन इस्कॉन मंडली व ललितपुर कलाकारों ने बांधा समां

# आकर्षण, भक्ति व उत्साह से सराबोर रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को शहर भक्ति, उल्लास और आस्था के रंग में पूरी तरह रंग गया। देर रात तक निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को राममय बना दिया। ढोल नगाड़ों की गूंज, भजन कीर्तन और आकर्षक झांकियों व आतिशबाजी की भव्यता ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा का शुभारंभ नजरबाग मंदिर से हुआ, जहां से भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियों के साथ चल समारोह निकला।

शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक झांकियां, सजे धजे घोड़े, डीजे और बैंड शामिल रहे। शहर के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सैलाब रूप में उमड़ पड़ी। इस वर्ष शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण महाराष्ट्र से आई सिंधु गर्जना ढोल पार्टी रही, जिनकी दमदार प्रस्तुति ने पूरे माहौल को ऊर्जावान बना दिया। वहीं वृंदावन की इस्कॉन भजन कीर्तन मंडली ने मधुर भजनों के माध्यम से श्रद्धा का संचार किया। ललितपुर से आए आर्केस्ट्रा कलाकारों ने भक्ति गीतों से वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। बल्देवगढ़ से आए अखाड़ा दल के सदस्यों ने शहर के प्रमुख चौराहों पर हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। ढोल नगाड़ों और भजन कीर्तन के बीच श्रद्धालु झूमते नजर आए। शोभायात्रा नजरबाग से प्रारंभ होकर सिंधी धर्मशाला, लुकमान चौराहा, नजाई रोड, जवाहर चौक, कटरा बाजार, पुराना पोस्ट ऑफिस, नगर भवन, स्टेट बैंक चौराहा और गांधी चौराहा होते हुए पुनः नजरबाग पहुंची। मार्ग में जगह जगह सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। भक्तों ने भगवान श्रीराम की झांकियों की आरती उतारकर पूजा अर्चना की। सिंधी धर्मशाला के पास पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने शोभायात्रा का स्वागत किया। वहीं विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने पुरानी तहसील और स्टेट बैंक चौराहा पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने शोभायात्रा का स्वागत कर श्रीराम दरबार की आरती उतारी और रामभक्तों का अभिनंदन किया।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। देहात थाना प्रभारी और कोतवाली थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी मुस्तैद नजर आए। एसडीएम और तहसीलदार लगातार नगर भ्रमण कर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

एसपी के निर्देशन में खजरी चौकी पुलिस की कार्रवाई, वारंटी को कोर्ट में किया पेश

# वसूली वारंट अभियान लाया रंग, दिलाई भरण-पोषण राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में चल रहे वसूली वारंट अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़िता को उसका हक दिलाया है। खजरी चौकी, थाना पलेरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 1 लाख 27 हजार रुपये की भरण पोषण राशि दिलाकर महिला को न्याय दिलाया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में संचालित विशेष अभियान के तहत की गई, जिसमें लंबित वसूली और भरण पोषण वारंटों के निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कुटुंब न्यायालय टीकमगढ़ द्वारा वारंटी प्रदीप प्रजापति, निवासी ग्राम गढ़ारी को अपनी पत्नी चाँदनी उर्फ रीना प्रजापति को भरण पोषण राशि देने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद आरोपी द्वारा लंबे समय तक न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए करीब 1 लाख 27 हजार रुपये की राशि का भुगतान नहीं किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में खजरी चौकी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को 26 मार्च को न्यायालय में पेश किया, जहां आरोपी ने भरण पोषण की पूरी लंबित राशि जमा कर दी। न्यायालय में जमा की गई राशि पीड़िता को प्रदान की गई, जिससे उसे राहत मिली। महिला ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया और इसे न्याय दिलाने वाली पहल बताया। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना पलेरा प्रभारी उपनिरीक्षक एनडी कोंदर, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक रमाशंकर कुशवाहा, आरक्षक बृजेश लोधी, आरक्षक सुनील कुमार की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में जिलेभर में वसूली वारंट और भरण पोषण से जुड़े लंबित मामलों के निराकरण के लिए अभियान लगातार जारी है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

## बगाजमाता मेले में 750 ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

**टीकमगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के द्वारा बगाज माता मंदिर मेले में विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए मेले में आए



लगभग 750 ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाए, ताकि रात के अंधेरे में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिसमें ट्रैफिक थाना पुलिस की टीम ने मेले में मौजूद ग्रामीण श्रद्धालुओं और वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी और सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉलियों से आते हैं, जो रात के समय बिना रिफ्लेक्टर के चलते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर ही ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाए और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियम समझाए। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीण श्रद्धालुओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई कि वे वाहन चलाते समय नियमों का पालन करेंगे, ओवरलोडिंग नहीं करेंगे और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएंगे। पुलिस प्रशासन का कहना है कि सड़क सुरक्षा को लेकर इस तरह के जागरूकता अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े।

## कलेक्टर ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपील रूप में की किसानों से बात

# नरवाई नहीं बल्कि जमीन की उर्वरता जला रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में हाल ही में नरवाई जलाने की घटनाओं के बाद कई स्थानों पर खड़ी फसल और भूसा जलने की घटनाएं सामने आई हैं। साथ ही कुछ जगहों से जनहानि की भी खबरें आई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने किसानों से भावनात्मक और जागरूक अपील करते हुए नरवाई नहीं जलाने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने किसानों से सवाल पूछते हुए कहा कि कभी नुकसान फायदा को ध्यान में रखते हुए किसानों ने ये आंकलन किया है कि नरवाई जलाकर हम बचाते क्या हैं और खोते क्या हैं?

कलेक्टर ने किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कहा कि किसान अपने खेतो की नरवाई जलाकर थोड़ा श्रम और मामूली खर्च तो बचा लेते हैं, लेकिन इसके बदले अपनी जमीन की उर्वरता शक्ति, मिट्टी के उपयोगी जीवाणु, पर्यावरण और हजारों रुपये का नुकसान कर बैठते हैं। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता 15 से 25 प्रतिशत तक घट जाती है और जमीन के लाभकारी जीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता जाता है। उन्होंने जागरूक करते हुए बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी, सूक्ष्मजीवों की संख्या में गिरावट और तापमान बढ़ने जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। इसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ता है। जिसके बाद उपज बढ़ाने के प्रयासों के चलते किसानों की रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता बढ़ जाती है, जिससे खेती की लागत बढ़ती जाती है।

कलेक्टर ने नरवाई जलाने के नुकसान को समझाने के लिए वैज्ञानिक आंकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि नरवाई जलाने से 60 किलो प्रति हेक्टेयर एनपीके पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे किसानों को उर्वरकों पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। इससे किसानों को 2000 से 5000 रूपये प्रति एकड़ तक का सीधा नुकसान होता है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है और खेतों में फसल के लिए लाभकारी कीट और पक्षी नष्ट हो जाते हैं। आग लगने के बाद मकड़ियों, लेडीबर्ड और मेंढकों जैसे प्राकृतिक कीट नियंत्रक जीवों की संख्या तेजी से कम हो जाती है, जिससे खेतों में कीटों का प्रकोप बढ़ता है। जिससे बचने के लिये कीटनाशको का अतिरिक्त खर्च होता है। इसके अलावा नरवाई जलाने पर अर्थदंड लगने का प्रावधान भी है। कलेक्टर ने किसानों को समझाया कि यदि नरवाई नहीं जलाई जाए तो किसानों को कई फायदे मिल सकते हैं। इससे 20 से 30 प्रतिशत सिंचाई की बचत, खरपतवार नियंत्रण में कमी, और 10 से 15 प्रतिशत तक उपज में वृद्धि संभव है। साथ ही नरवाई से कम्पोस्ट और बायोगैस बनाकर 5000 से 20 हजार रूपये प्रति सीजन तक अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकती है। इस प्रकार किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार से अधिक का शुद्ध लाभ मिल सकता है।

### एक नजर में नरवाई जलाने से नुकसान

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि नरवाई जलाने से किसानो को जो नुकसान होता है उसमे मिट्टी की उर्वरता 15 से 25 प्रतिशत कम होना, फसलों के लिये लाभकारी जीवो का नष्ट होना, 60 किलो प्रति हेक्टेयर एनपीके नष्ट होना, 2 हजार से 5 हजार रूपये प्रति एकड़ नुकसान, इससे फसलों के लिये नुकसानदायक कीटों की संख्या बढ़ना और वायु प्रदूषण बढ़ना मुख्य है।

**नरवाई नहीं जलाने के एक नजर में फायदे**

कलेक्टर श्रोत्रिय ने नरवाई नहीं जलाने से होने बाले फायदों के बारे में जानकारी देते हुए किसानो को बताया कि नरवाई नहीं जलाने पर खेतो की मिट्टी सुरक्षित रहती है जिससे 20 30 स्र9़*ररँ* सिंचाई की बचत,

**10 से 15 प्रतिशत उपज में बढ़ोतरी,**

खरपतवार अथवा कीटनाशको के खर्च में बचत, नरवाई से कम्पोस्ट व बायोगैस बनाये जाने से अतिरिक्त आय आदि कुल मिलाकर 10 हजार रूपये प्रति एकड़ से अधिक लाभ हो सकता है।

### गैस सिलेंडर लेने आधी रात को ही उपभोक्ताओं को लगना पड़ रहा कतार में

# बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज़ लोगों ने हाईवे जाम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रसोई गैस को लेकर इन दिनों अजीब स्थिति बनी हुई है। एक तरफ प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि शहर में किसी भी तरह की कमी नहीं है। वहीं, जिले की वितरण एजेंसियों पर खाली गैस सिलेंडरों की लंबी कतार लग रही है। बुक होने के बाद भी उपभोक्ताओं को आसानी से सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। विजयपुर में तो सिलेंडर जल्द पाने के लिए उपभोक्ता आधी रात को ही खाली सिलेंडर लेकर लाइन में लगते देखे जा रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं ने शनिवार को घंटों लाईन में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज़ होकर शिवपुरी—मुरैना हाइवे पर जाम लगा दिया। बाद में पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई समझाइश के बाद उपभोक्ता जाम खोलने को राजी हुए।

प्रशासन का दावा है कि सोशल मीडिया की अफवाह से लोग पैनिक हो रहे हैं। आलम ये हैं कि कई इलाकों में लोग सुबह 5 से 6 बजे गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। पर उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इस संकट के बीच सिलेंडरों की मांग बढ़ी है। भले ही प्रशासन तमाम दावे कर रहा है कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य हो गई है, लेकिन श्योपुर जिला मुख्यालय सहित विजयपुर वीरपुर, बड़ौदा कराहल में जमीनी हकीकत इससे उलट है। सुबह 6 बजे से सिलेंडर लेने सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। शनिवार को विजयपुर में घंटों इंतजार करने के बाद भी जब गैस सिलेंडर से भरी गाड़ी विजयपुर पहुंची तो उसमें रखे सिलेंडर आगे लाइन में लग रहे करीब 400 लोगों को ही वितरण हो सका बाकी बचे 6 सैकड़ा से अधिक लोगों ने सिलेंडर ब्लैक में बेचे जाने का आरोप लगाते हुए विजयपुर में शिवपुरी—मुरैना हाइवे पर जाम लगा दिया। बाद में पहुंची पुलिस ने पहले आश्वासन देकर जाम खुलवाया और गोदाम में रखे सिलेंडर वितरण कराए।



### 45 दिन में ही मिलेगा दूसरा सिलेंडर

अब एक सिलेंडर मिलने के तुरंत बाद दूसरा सिलेंडर बुक नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने बुकिंग के बीच न्यूनतम समय तय कर दिया है. शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं को पिछले सिलेंडर की डिलीवरी मिलने के बाद कम से कम 25 दिन का इंतजार करना होगा। तभी अगला सिलेंडर बुक किया जाएगा। वहीं ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में यह अवधि और ज्यादा रखी गई है. ऐसे क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद ही नया सिलेंडर बुक करने की अनुमति होगी. सरकार का कहना है कि इससे एक ही परिवार की ओर से बार-बार बुकिंग कर गैस जमा करने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी और सप्लाई सभी उपभोक्ताओं तक सही तरीके से पहुंच सकेगी लंबे समय बाद बुकिंग होने ओर बुक होने के बाद भी समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से लोग पैनिक हो रहे हैं हालांकि यह समस्या एक दो दिन आती है लेकिन लोग होम डिलीवरी के बजाय गैस एजेंसी पर अधिक संख्या में पहुंचने की वजह से इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं वितरक एजेंसी संचालक का कहना है कि अगर उपभोक्ता होम डिलीवरी पर ध्यान दें तो उन्हें घर बैठे आसानी से सिलेंडर मिल जाएगा लेकिन जितना स्टॉक आता है उससे दोगुनी संख्या में लोग एजेंसी पर गैस लेने पहुंच जाते हैं जिसके कारण अव्यवस्था हो रही है।



### कुछ ने किए होटल ओर रेस्टोरेंट, बंद कुछ ने बढ़ाए दाम

कमर्शियल गैस सिलेंडर की बिक्री बंद होने और घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिए जाने का असर होटल रेस्टोरेंट व्यवसाय पर विपरीत रूप से पड़ा है। कई होटल संचालकों ने होटल बंद करने का काम कर दिया है तो कुछ ने अपने काम में कटौती कर दी है सबसे विपरीत असर छोटे दुकानदार जो गैस सिलेंडर से चाय बनाने समोसा कचोडी तलने का काम करते हैं पर विपरीत रूप से पड़ा है। कुछ तो लकड़ियां जलाकर अपना व्यवसाय बनाए हुए हैं लेकिन उन्होंने समोसा कचोरी इत्यादि के दामों में बढ़ोतरी कर दी है लेकिन कुछ दुकानदारों ने सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण व्यवसाय बंद कर दिया है कई बड़े रेस्टोरेंट दुकानदार होटल संचालकों ने भी अपने यहां समान में कटौती कर दी है।

#### इनका कहना है...

गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है जितनी आवश्यकता है उतने सिलेंडर आ रहे हैं। शनिवार को जितने सिलेंडर आए थे उससे दो गुने उपभोक्ता लेने पहुंच गए इसलिए अव्यवस्था हो गई थी उसे सुधार लिया गया है लोग पैनिक ना हो सिलेंडर की कोई कमी नहीं है।

**अभिषेक मिश्रा**
**एसडीएम विजयपुर**

## विधि महाविद्यालय में वृहद विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

श्योपुर। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता की गरिमामयी उपस्थिति व अध्यक्षता में शासकीय विधि महाविद्यालय श्योपुर में विभिन्न विभागों के समन्वय से वृहद विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश कपिल मेहता द्वारा अपने संबोधन में उपस्थित विधि विद्यार्थीगण एवं विभिन्न विभागों की ओर से उपस्थित अधिकारीगण व कर्मचारीगण को वैकल्पिक विवाद समाधान प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक समझाते हुये इसके माध्यम से प्रकरणों के निराकृत होने पर पक्षकारों को होने वाले लाभों से अवगत कराया और बताया कि वैकल्पिक विवाद समाधान, प्रकरणों को निराकृत किये जाने हेतु बहुत ही महत्वपूर्ण प्रकिया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा उक्त वृहद विधिक साक्षरता शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से उपस्थितजन को जागरूक किये जाने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जिला चिकित्सालय विभाग, जनसाहस, ग्रामीण स्वालंबन सेवा संस्था एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थापित किये गये स्टॉल का भी निरीक्षण किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 39 (ए) के प्रावधानों से अवगत कराते हुये निःशुल्क विधिक सहायता व सलाह योजना तथा माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय की ओर से उपस्थित चिकित्सकगण द्वारा उपस्थितजन व छात्र-छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं व बच्चों को दिये जाने वाले पोष्टिक आहार को भी प्रर्दशनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसी अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर, सामाजिक न्याय विभाग, जनसाहस/ग्रामीण स्वालंबन सेवा संस्था द्वारा पैम्पलॅट्स, बुसर्स इत्यादि के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित आमजन व छात्र-छात्राओं को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन मनू प्रताप सिंह भदौरिया द्वारा किया जाकर आभार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य ओपी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी योगेश बंसल, विधि महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ रमेश सिंह कुशवाह, नरेन्द्र सिंह जाट व अन्य विभागों की ओर से अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




### बच्चो को छोड़कर घर से लापता हो गई महिला

श्योपुर। विजयपुर के प्रहलादपुरा क्षेत्र से बीती रात को एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने बच्चो को घर पर छोडकर लापता हो गई। फिलहाल महिला कोई अता पता नहीं है। विजयपुर थाना पुलिस ने ससुरालीजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि प्रहलादपुरा निवासी महिला द्वारिका बाई पत्नी दिनेश कुशवाह शुक्रवार की रात को अचानक घर से लापता हो गई। जिसका पता शनिवार की सुबह परिजनो को तब चला,जब काफी देर बाद भी महिला घर में दिखाई नहीं दी। बच्चे भी मां की तलाशघर में चारो तरफ कर रहे है। इसके बाद महिला के ससुर ने विजयपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### एक दिन में कई सड़क हादसे, कोई खुद फिसला तो किसी को दूसरे वाहन ने टक्कर मारी

# हादसों का मार्ग मतलब कराहल पनवाड़ा सड़क,एक दिन में दर्जनभर हादसे, एक की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पिछले कुछ दिनों से जिले का कराहल-पनवाडा सड़क मार्ग सडक हादसो वाला मार्ग साबित हो रहा है। कारण यह है कि इस सड़क मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे घटित हो रहे है। शुक्रवार के रोज तो इस सडक मार्ग पर दर्जनभर सडक हादसे घटित हो गए,जिनमें कई लोग घायल होकर कराहल अस्पताल पहुंचे है। जिनमें एक युवक की मौत भी हो गई है। जबकि 9 घायलों को रैफर किया गया है। शुक्रवार की रात तो कराहल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्टाफ भी घायल होकर अस्पताल आने वाले लोगो की संख्या देखकर दंग रह गया कि आज यह क्या हो रहा है।

दरअसल कराहल थाना क्षेत्र स्थित कराहल-पनवाडा सडक मार्ग पर इन दिनों वाहनों की रेलमपेल मची हुई है। इसकी वजह पनवाडा स्थित माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक मेला है। क्योंकि इस धार्मिक मेले में बडी संख्या में क्षेत्र के लोग दर्शनों के लिए अपने अपने वाहनों से पहुंच रहे है। जिसके चलते इस सडक मार्ग पर दिन ही नहीं अपितु देर रात तक वाहनों की भारी आवाजाही बनी हुई है।बताया जा रहा है कि वाहनो को चलाने वाले लोग न सिर्फ वाहनों का संचालन तेज रफ्तार में कर रहे है,बल्कि कई लोग नशा करके भी वाहनों का संचालन कर रहे है। इस सडक की हालत में फिलहाल ठीक नहीं है। ऐसे में सडक की खराब स्थिति के साथही नशा और रफ्तार का यह जोश सडक हादसों का कारण बन रहा है। शुक्रवार को दोपहर से लेकर रात 12 बजे तक इस सडक मार्ग पर एक के बाद एक करके सडक हादसे घटित हुए है। बताया जा रहा है कि इस सडक मार्ग पर कोई बाइक सवार खुद ही फिसलकर घायल हो गया तो कोई बाइक सवार आपस में टकराकर सडक दुर्घटना का शिकार हो गए है। अलग अलग समय पर घटित सडक दुर्घटनो में घायल हुए कराहल निवासी धनराज और जगदीश, गोरस निवासी रामबीर व फुलसिंह, पीपटकी निवासी मितेश और हरकुल, पनार निवासी कल्याण, प्रकाश, मंगले और हेमराज इलाज के लिए कराहल अस्पताल पहुंचे है। इनके अलावा भरत व मुकेश, मनन, पवन और गोविंद आदि व्यक्ति भी कराहल पनवाडा रोड पर सडक दुर्घटना का शिकार होकर अपना इलाज कराने कराहल स्थित अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल हुए है।



### एक दिन पहले विधायक पुत्र भी घायल, दिल्ली रेफर

सडक हादसा मार्ग बनी कराहल पनवाडा सडक पर एक दिन पहले विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा का बेटा और सिलपुरी ग्राम पंचायत सरपंच नितिन मल्होत्रा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पनवाडा से कराहल लौटते वक्त रास्ते में उसकी बाइक को ऑटो ने टक्कर मार दी थी। जिसकारण गंभीर घायल हुए नितिन मल्होत्रा को पहले इलाज के लिए शिवपुरी,फिर ग्वालियर और इसके बाद ग्वालियर से दिल्ली के लिए रैफर कर दिया गया है।

### मेले में गिरकर घायल हुए एएसआई

पनवाडा माता मंदिर पर आयोजित मेले में ड्यूटी कर रहे कराहल थाने में पदस्थ एएसआई पवन शर्मा घायल हो गए है। बताया जा रहा है कि रात्रि के दौरान मेले में ड्यूटी करते समय उनका पैर फिसल गया और वे गिर पडे। गिरने के दौरान उनके हाथ में फैक्चर आ गया है। उन्हें इलाज के लिए कराहल अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### दो बाइकों की भिडंत में लोकेश की हुई मौत



कराहल पनवाडा रोड पर शुक्रवार की रात को दो बाइकों की भिडंत में लोकेश आदिवासी नामक युवक की मौत भी हो गई। कराहल थाना पुलिस ने बताया कि पनवाडा स्थित माता मेले में से लौट रहा लोकेश 20 वर्ष पुत्र कैलाश आदिवासी निवासी वार्ड क्रमांक 17 श्योपुर की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। दूसरी बाइक पर दो लोग सवार थे,जो घायल हो गए। लेकिन लोकेश गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे इलाज के लिए कराहल अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि लोकेश के शव को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया और एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### इनका कहना है...

शुक्रवार को दोपहर से लेकर रात तक करीब दर्जनभर लोग घायल होकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हुए है। सभी का उपचार किया गया। जिनमें 9 लोगो को रैफर किया गया है। कुछ को अस्पताल में भर्ती कर निगरानी में रखा गया है। इस दौरान एक घायल की मौत भी रात्रि के दौरान अस्पताल में हो गई। सभी घायलों ने सडक दुर्घटना का स्थल पनवाडा कराहल रोड की बताया है।

**डॉ सौरभ सिंह**
**बीएमओ कराहल**

हमारे पास तो सिर्फ एक सडक हादसे की रिपोर्ट आई है। जिसमें हमने तत्काल एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**यास्मीन खान**
**टीआई कराहल**

### महिला थाने में पति और सास ससुर समेत तीन पर एफआईआर दर्ज

# दहेज के लिए नवविवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला, डेढ़ साल की मासूम को भी छीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नव विवाहिता महिला को ससुरालीजनों ने दहेज के लिए प्रताडित करते हुए न केवल घर से निकाल दिया,बल्कि उसकी डेढ साल की बेटी को भी उससे छीन लिया। पीडित नव विवाहिता जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के गांव मेवाडा की बेटी है। इस मामले में श्योपुर की महिला थाना पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर उसके पति और सास ससुर समेत तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

महिला थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि ग्राम मेवाडा निवासी राधे मीणा की शादी 2 मई 2022 को राजस्थान के मांगरोल थाना क्षेत्र के गांव भटवारा निवासी सोनू मीणा के साथ हुई थी। शादी के बाद इनके एक बेटी भी हो गई। नव विवाहिता राधे मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ससुरालीजन उससे दहेज 10 लाख रूपए लाने की मांग काफी दिनों से कर रहे थे और दहेज की मांग पूरी न होने पर उनके द्वारा न सिर्फ प्रताडित किया गया,बल्कि उससे घर से निकालकर बेघर भी कर दिया।




### डेढ़ साल की मासूम कर दी मां से जुदा

पुलिस के मुताबिक पीडित नव विवाहिता राधे मीणा को ससुरालीजनों ने खूब प्रताडित करने के बाद घर से निकालने के साथही उसकी डेढ साल की बेटी से भी जुदा कर दिया। क्योंकि ससुरालीजनों ने डेढ साल की बेटी को राधे से छीनकर अपने पास रख लिया और उसे घर से निकालकर भगा दिया। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में नव विवाहिता राधे की रिपोर्ट पर पति सोनू मीणा, ससुर चंद्रमोहन मीणा, सास सुमित्रा बाई निवासी भटवारा थाना मांगरोल जिला बांरा राजस्थान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### एफएलएन मेला में पहुंचे अभिभावकों ने बच्चों के साथ की भागीदारी

# मेले का उद्देश्य बच्चों की बुनियादी शिक्षा परखने का माध्यमः सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एफएलएन मेला (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी मेला) का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं (विशेषकर 1-3) के बच्चों में बुनियादी साक्षरता, भाषा विकास और संख्यात्मक कौशल को खेल-खेल में विकसित करने के साथ साथ अभिभावकों के द्वारा अपने बच्चों में बुनियादी शिक्षा की बढ़ोत्तरी को होते देखने का अच्छा माध्यम है। यह बात एनएसएम उर्दू गांधी स्कूल में शनिवार को आयोजित हुए एफएलएन मेला में भागीदारी करने पहुंचे अभिभावकों को संबोधित करते हुए शाला प्रभारी कमलजीत सिंह सिसोदिया ने मेला के उद्देश्य बताते हुए कही।

शाला प्रभारी सिसोदिया ने कहा कि यह ज्ञान वर्धक मेला निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित किया जाता है, जिसका लक्ष्य बच्चों को व्यावहारिक, मनोरंजक और स्थानीय वस्तुओं के माध्यम से सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है। मेला का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं (विशेषकर 1-3) के बच्चों में बुनियादी साक्षरता, भाषा विकास और संख्यात्मक कौशल को खेल-खेल में विकसित करना है। यह निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित किया जाता है, जिसका लक्ष्य बच्चों को व्यावहारिक, मनोरंजक और स्थानीय वस्तुओं के माध्यम से सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दौरान एनएफएल प्रभारी सलमा बेग एवं मीनू जाट ने बच्चों को खेल खेल में विभिन्न पाठ्यक्रम की गतिविधि कराई। इस दौरान बच्चों की माताओं ने भी बच्चों के साथ खेल खेल में शिक्षा ग्रहण करने की तकनीक में भागीदारी की मां और बच्चों के बीच पढ़ाई का खेल खेलने से बच्चों में उत्साह देखने को मिला शाला प्रभारी सिसोदिया ने मेला में आई माताओं से अनुरोध किया कि वह इसी तरह घर में रखें सभी ग्रस्ति के सामानों के माध्यम से बच्चों का शैक्षणिक ज्ञान बढ़ाए।



# चने की खरीदी कल से, एक अप्रैल से शुरू होगी भावांतर में सरसों की खरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी का कार्य 30 मार्च से 28 मई 2026 की अवधि तक किया जायेगा। चना उपार्जन कार्य के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिले में 4 केन्द्र निर्धारित किये है, जिन पर 30 मार्च से 28 मई 2026 की अवधि तक चने की खरीद की जायेगी। समर्थन मूल्य पर वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था मर्यादित बडौदा द्वारा स्टेट वेयरहाउस कृषि उपज मंडी बडौदा में, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित सोईकलां द्वारा सेंट्रल वेयरहाउस द्वितीय जैदा मंडी श्योपुर में, सेवा सहकारी संस्था कनापुर द्वारा सेंट्रल वेयरहाउस प्रथम स्टेशन के पास श्योपुर तथा वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था मर्यादित विजयपुर द्वारा कृषि उपज मंडी समिति विजयपुर में चने की खरीदी का कार्य किया जायेगा।

इसी प्रकार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर भारत सरकार की डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत सरसों फसल विक्रय की अवधि 01 अप्रैल से 30 मई तक नियत की गई है। इस अवधि में पंजीकृत किसानों को अधिसूचित मंडियों में सरसों का विक्रय करने पर भावांतर का लाभ मिलेगा।

भावांतर भुगतान योजना में सरसों फसल की खरीदी 01 अप्रैल से 30 मई 2026 के मध्य जिले की अधिसूचित मंडियों श्योपुर, बडौदा, विजयपुर एवं कराहल में की जायेगी। योजनांतर्गत प्रथम दो सप्ताह में विक्रय के लिए मॉडल रेट का निर्धारण, सीजन के प्रथम 14 दिवस की अवधि में प्रदेश की समस्त मण्डियों में सरसों के विक्रय मूल्य का औसत मानकर निर्धारित किया जायेगा। प्रतिदिन का मॉडल रेट मध्यरात्रि 12 बजे से ई-मंडी पोर्टल पर प्रदार्शित किया जायेगा। अधिसूचित मंडियों में (एफएक्यू मानक के अनुरूप) का बिक्री मूल्य एमएसपी से कम हो, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा घोषित औसत थोक मूल्य (मॉडल प्राइस) से अधिक हो, तो किसान को एमएसपी और वास्तविक बिक्री के अंतर की राशि प्रदाय की जाएगी। किसानों को भावांतर भुगतान की राशि डीबीटी के माध्यम से मंडी बोर्ड द्वारा भुगतान किया जाएगा। सरसों फसल का एमएसपी 6200 रूपये प्रति क्विंटल है। जिले में 1890 किसानों द्वारा भावांतर योजना के तहत सरसो फसल के विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है।

### 7 से शुरू होगी गेहूं की खरीदी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये जिले में 33 खरीदी केन्द्र निर्धारित किये गये है, जिन पर 07 अप्रैल से खरीदी का कार्य शुरू होगा। शासन की ओर से 40 रूपये बोनस सहित 2625 रूपये समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। जिले में कुल 18 हजार 74 किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया गया है।

# चादर पोशी के साथ हजरत खानून का उर्स शुरू, आज होगा लंगर तकसीम


हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भावना की पहचान बन चुके हजरत खानून रहमतुल्लाह अलेह का दो दिवसीय उर्स शनिवार को चादरपोशी के साथ शुरू हो गया। रविवार को लंगर तकसीम की मुख्य अदा की जाएगी। दरगाह कमेटी से जुड़े मोहम्मद चीनी कुरैशी ने बताया कि हजरत खानून पीर रह. का उर्स मुबारक अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। हर साल की तरह इस साल भी शनिवार को कर्बला रोड स्थित दरगाह पीर मजार शाह रह. से लाई गई पवित्र चादर को शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए बगवाज के वनांचल में स्थित की दरगाह पर ले जाया गया जहां फातिहाखानी के बाद चादर पोशी की गई। रविवार की सुबह 9 बजे से लंगर तकसीम और चादरपोशी की रस्म अदायगी की जाएगी। दरगाह से जुड़ी कमेटी ने सभी अकीदतमंदो से रविवार को उर्स में शामिल होने की अपील की है।

### चंबल पुल के पास हाईवे पर हादसा, बालक की मौत, पिता व मामा घायल

श्योपुर। श्योपुर सवाईमाधोपुर नेशनल हाइवे पर चंबल नदी पुल के पास शुक्रवार की रात को एक बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पांच वर्षीय बालक की मौत हो गई। जबकि मृतक बालक का पिता और मामा घायल हो गए। इस मामले में सामरसा चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सामरसा चौकी प्रभारी रवि सिंह कुशवाह ने बताया कि ग्राम बुखारी थाना आवदा निवासी विनोद आदिवासी शुक्रवार की शाम को सवाईमाधोपुर तरफ से अपने गांव की तरफ लौट रहा था। उसकी बाइक पर उसके साथ उसका पांच वर्षीय बेटा विवेक आदिवासी और साला दिलखुश आदिवासी निवासी चकरामपुरा भी सवार थे। चंबल नदी पुल पार कराने के बाद नसीर बाबा के स्थान के सामने उनकी बाइक को रात के अंधेरे में कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। जिससे बाइक सवार तीनो लोग जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भेजा गया। रास्ते में बालक विवेक की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### भक्ति और उल्लास के साथ मनाया श्रीराम जन्मोत्सव, भजन-कीर्तन से गूंजा दिनारा का हनुमान मंदिर

**दिनारा।** अशोक होटल स्थित पिछोर तिराहे पर बने श्री हनुमान मंदिर में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर भजन-कीर्तन, जयघोष और धार्मिक उल्लास से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल द्वारा भक्ति भाव से भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतीकात्मक रूप से केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर के पुजारी ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जहां भक्ति है, वहीं प्रेम, एकता, शक्ति और ऊर्जा का वास होता है। जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आएं, यदि श्रीराम का साथ है तो विजय निश्चित है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया में सभी साथ छोड़ सकते हैं, लेकिन सच्ची भक्ति और श्रीराम का नाम ही जीवनभर साथ निभाता है। दीपक की रोशनी जिस प्रकार अंधकार को दूर करती है, उसी प्रकार श्रीराम का नाम सभी दुखों का नाश करता है। सभी भक्तगण से भगवान श्रीराम और उनके परम भक्त हनुमान जी की भक्ति करने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी भारतवासी श्रीराम के आदर्शों पर चलकर जीवन को सफल बना सकते हैं।

### दहेज प्रताड़ना के दो मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में दहेज प्रताड़ना के दो मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम बांकलपुर निवासी संजना अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष की ओर से पति धर्मेन्द्र अहिरवार सास कलावाई और ससुर मुकेश अहिरवार द्वारा दहेज की मांग पर से उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत बगोईया जिला शिवपुरी निवासी भावना लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से पति छोटू लोधी, ससुर मेहरवान सिंह लोधी, सास सूरजबाई व जेठ देवेन्द्र लोधी द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### शिक्षकों को नहीं मिला फरवरी माह का वेतन

**अशोकनगर।** जिले के शिक्षकों का फरवरी माह का वेतन मार्च के अंत तक भी नहीं मिलने से आक्रोशित शिक्षक उत्थान संघ ने कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन दिया। कलेक्टर जीरो बजट पर वेतन भुगतान की स्वीकृति देकर शिक्षकों का वेतन भुगतान कराएं। समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण शिक्षकों के लोन के चैक बाउंस हुए जिससे शिक्षकों पर पेनल्टी लगी और सिविल खराब हुई। शिक्षक अपनी आर्थिक आवश्यकताओं के लिए परेशान हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खाईखेडा निवासी धर्मेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रमेश और महेन्द्र अहिरवार आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मेडकील रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपौन निवासी महेश चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर और बल्ला कुशवाह ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## भव्य चल समारोह में धर्म और कर्म की अनोखी आभा देखने को मिली

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की रथयात्रा शहर की सड़कों पर निकली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जन जन के आराध्य प्रभु श्रीराम भारत की आत्मा में वसते हैं, रामनवमी का मौका हो तो शहर के श्रद्धालु प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबे देखे गए, रामनवमी के अवसर पर पूरा शहर राममय होता नजर आया। सुबह से ही शहर के मंदिर जन आस्था के केन्द्र बने रहे। दोपहर में भगवान की भव्य शोभायात्रा निकली, प्रभु श्रीराम शहर के भ्रमण पर निकले, जगह-जगह श्रद्धुलओं ने जन-जन के आराध्य प्रभु श्रीराम की आरती उतारी। भक्ति भाव से शहर की सड़कों पर निकले इस चल समारोह में शामिल लोगों का अनेक संस्थाओं ने स्वागत किया।


अशोकनगर शहर धार्मिक पर्व उत्साह पूर्वक मनाने के लिए जाना जाता है। देवी मां की नौ दिनों तक की जाने वाली आराधना के बाद राम नवमी का पर्व प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। शहर के राम दरवारों में प्रभु श्रीराम के भक्तों ने सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर भगवान राम की जय-जयकार की, आराधना और उपासना के आयोजन हुए, श्रद्धालुओं ने भगवान के दरबार में बैठकर घंटों आराधना की, राम भक्ति का अनुपम उदाहरण पेश किया। शहर के राम दरबारों में आसमानी माता मंदिर, रघुवंशी शिक्षा परिषद का राम दरवार, मंशापूर्ण हनुमान मंदिर का राम दरबार, सर्राफा बाजार हनुमान मंदिर का राम दरबार, शिव टोरिया का राम दरबार के साथ शहरभर के राम दरबारों में श्रद्धालु पहुंचे। यहां देर रात से ही कार्यक्रमों की शुरूआत हो चली थी।

जैसे कि परम्परा है उसी के अनुसार श्री हनुमान ट्रस्ट के सर्राफा बाजार मंदिर पर सुबह से ही भगवान की भक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया, दोपहर में भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। दोपहर 3 बजे भगवान का चल समारोह भक्ति भाव से निकाला गया। भक्त नाचते-गाते हुए देखे गए, उपस्थितजनों में अद्भुत उत्साह देखा गया। प्रभु के जन्म का यह उत्सव देखने के लायक था।

दोपहर ढलते ही शाम 3 बजे प्रभु श्रीराम को चांदी के विमान में मंदिर के अंदर से विराजमान कर जय-जयकार करते हुए मंदिर के बाहर सजाए गए रथ में लाकर विराजमान किया गया। इस रथ को अनेक श्रद्धालु मानवरथ के रूप में भगवान के इस विमान को ले जाते हुए देखे गए जिसमें श्रद्धालुजन शामिल हुए। इस मौके पर चल समारोह शुरू होने के पहले मंदिर के पुजारी द्वारा आरती कराई गई और इस चल समारोह के सफलता की कामना की गई। इसके बाद यह चल समारोह सदर बजार होते हुए सुभाषगंज पहुंचा। चल समारोह में जहां अग्रवाल समाज द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई और भगवान श्रीराम की आरती कर पूजा अर्चना की गई, श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

जैसे-जैसे यह चल समारोह आगे बढ़ता गया वैसे-वैसे भीड़ इस आयोजन का हिस्सा बनती देखी गई। स्टेशन रोड़ पर गहोई वैश्य पंचायत ने आरती की और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया, स्टेशन मार्ग से गांधी पार्क तक जगह-जगह पुष्प बर्षा की और भगवान की आरती उतारी। गांधी पार्क पर रघुवंशी युवा संघ ने विधायक जगन्नाथ सिंह रघुंवशी के साथ रघुवंशी समाज के अध्यक्ष की उपस्थिति में भगवान की आरती उतारी और उपस्थितजनों द्वारा जयघोष किया। गांधी पार्क पर अग्रवाल समाज पंचायत के सदस्यों ने भी राम नवमी चल समारोह का स्वागत किया। यह चल समारोह गुरूद्वारा मार्ग होते हुए मिलन चैराहा, पुराना बस स्टैण्ड, विदिशा रोड़, लम्बरदार मोहल्ला से होते हुए नगेश्री चैराहा, सुराना चैराहा की ओर रवाना हुआ जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु की पूजा अर्चना की गई और चल समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं को एक दूसरे को प्रभु के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं और बधाईयॉ दी। विहिप के कार्यकर्ता भी इस चल समारोह में देखे गए।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर बना मानव सेवा के लिए जनकल्याण का प्रेरणास्रोत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

दिनारा में जनसेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए केंद्रीय मंत्री श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया जी के प्रयासों से आयोजित एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल समापन हुआ। यह शिविर कैलाशवासी महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी की पुण्यस्मृति को समर्पित था, जिसने हजारों जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर समाज के प्रति सेवा भाव को साकार किया। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न रोगों की जांच, परामर्श और उपचार प्रदान किया। देशभर से आए अनुभवी डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं देते हुए यह साबित किया कि चिकित्सा केवल पेशा नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम भी है। इस शिविर में आधुनिक उपकरणों के माध्यम से जांच, दवाइयों का वितरण और गंभीर रोगों के लिए विशेष परामर्श की व्यवस्था की गई, जिससे आमजन को अत्यंत लाभ मिला।

समापन समारोह के अवसर पर युवराज श्रीमंत महानार्यमन राव सिंधिया, जो मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं, विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने देशभर से पधारे समर्पित चिकित्सकों, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ सेवा में जुटे सभी बहनों और बंधुओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। उनके हाथों सम्मान प्राप्त कर सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना हो गया और सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के लिए वरदान साबित होते हैं।

कई ऐसे मरीज, जो आर्थिक कारणों से इलाज नहीं करा पाते, उन्हें इस शिविर के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा सहज रूप से प्राप्त हुई। यह आयोजन न केवल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी प्रसारित किया। केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में इस प्रकार के जनहितकारी प्रयास लगातार क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर जनकल्याण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप मंक सामने आया है, जिसने शिवपुरी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ किया है। अंततः, यह कहा जा सकता है कि यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि मानव सेवा की सच्ची भावना का प्रतीक था।

# 120 लीटर अवैध शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन में तथा डॉ. संजीव उईके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना एवं एसडीओपी अजय सनकत के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार जाटव ने बताया कि चलाए जा रहे अभियान के तहत 27 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी आगासौद नितिन पाल द्वारा टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा मंडी बामौरा स्थित अंशुल ढाबा के सामने घेराबंदी कर कुल्हार की ओर से आ रहे नीले रंग के ट्रैक्टर एवं ट्रॉली को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रॉली में बांस के नीचे छिपाकर रखी गई देशी मसाला मदिरा की 14 पेटियां (कुल 120 लीटर) बरामद की गईं। जिसकी अनुमानित कीमत 56 हजार, ट्रैक्टर एवं ट्रॉली की अनुमानित कीमत 6 लाख कुल जप्त मसरूका 6 लाख56 हजार आंकी गई है।

पुलिस द्वारा मौके से ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अवैध शराब जप्त कर आरोपी राजू उर्फ राजकुमार पटेल पिता लाल सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम खजरौद, राकेश अहिरवार पिता नंदू उर्फ नंदकिशोर अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 01गल्ला मंडी के पीछे मंडी बामौरा, जितेन्द्र अहिरवार पिता राम सिंह अहिरवार उम्र 34 वर्ष निवासी सदर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही की गई।

# भाजपा नगर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत सिंधी धर्मशाला में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उत्साह एवं संगठनात्मक ऊर्जा के साथ हुआ। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य मंडल के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं संगठन विस्तार की रणनीतियों से सशक्त करना है। प्रथम दिवस 9:30 बजे से 10:30 बजे तक पंजीकरण उपरांत उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व विधायक डॉक्टर विनोद पंथी रही। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, स्थापना से वर्तमान तक की वैचारिक यात्रा एवं संगठन की मूल प्रेरणा पर विस्तृत प्रकाश डाला। नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से दो दिवसीय सत्रों में सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया। द्वितीय सत्र में जिला उपाध्यक्ष यश अग्रवाल ने भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान एवं एकात्म मानववाद पर मार्गदर्शन दिया। तृतीय सत्र में शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने संगठन विस्तार एवं जनसंपर्क की रणनीतियों पर चर्चा की। चतुर्थ सत्र में पूर्व विधायक पारुल साहू ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पंचम सत्र में प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने पार्टी की कार्यपद्धति एवं संगठनात्मक संरचना पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक धरमू राय ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात कार्यक्रम की महत्ता पर विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर संतोष सिंह ठाकुर, महेश राय, विजय हुरकट, ज्योति दुबे, लता सकवार, मनोज शर्मा, रमाकांत बिलगैंया, नीतू राय, आशमा जैन, भूपेंद्र नामदेव, सचिन समैया, भारती राय, वीरेंद्र भदौरिया, आलेख राय, नंद किशोर चौधरी, प्रदीप तिवारी, अंकित पंथी, राकेश सेन, प्रहलाद यादव, विजय लखेरा, पवन गुलाटी, मनोज बजाज, ज्योति सराफ, सोनाली राय, सुनीता राय, मंशाराम सुंदरानी, संजीव बूथ गोविंद तिवारी, मनोज अहिरवार, कल्पना चौरसिया, अंकिता किंग, मनीष चंदेल, मयंक जैन, संकल्प जैन, आशीष वाधवानी एवं अभिषेक नायक सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीनियर केएआई नेशनल कराते में अन्नपूर्णा ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



भोपाल में आयोजित सीनियर व अंडर-21 राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्नपूर्णा झा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता 23 व 24 मार्च को एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित की गई। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अन्नपूर्णा झा ने अंडर-21 वर्ग के -55 किलोग्राम कुमीते स्पर्धा में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया। उनके मुकाबलों में तेज़ी, सटीक तकनीक और शानदार रणनीति देखने को मिली, जिसने उन्हें शीर्ष स्थान दिलाया। इसके साथ ही अन्नपूर्णा ने काता स्पर्धा में भी भाग लेकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया।अन्नपूर्णा झा ने यह सफलता अपने कोच सेंसई संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्राप्त की। जिनके प्रशिक्षण और प्रेरणा का उनके प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह प्रतियोगिता कराते एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा अधिकृत राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी। जिसमें खिलाड़ियों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। उनकी इस उपलब्धि पर एमेच्योर कराते एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जयदेव शर्मा, महासचिव परितोष शर्मा, एमेच्योर कराते एसो अध्यक्ष पदम सिंह रावत, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार कुर्मी, संयुक्त सचिव अमित यादव, सचिव संदीप अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारियों, कोचों एवं खेल प्रेमियों ने बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## 18 किलोमीटर की दूरी तय कर श्रुत धाम से खुरई पहुंची पदयात्रा

# अहिंसा, शाकाहार और सदाचार का प्रचार-प्रसार लगातार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना





भगवान महावीर जयंती के अवसर पर अहिंसा, शाकाहार एवं सदाचार के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिदिन श्रुत धाम से अहिंसा पदयात्रा निकाली जा रही है। शनिवार को अहिंसा पदयात्रा सुबह 5 बजे श्रुत धाम से खुरई की ओर प्रारंभ हुई, जिसमें सैकड़ों महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया। लगभग 18 किलोमीटर की इस यात्रा को श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ पैदल पूर्ण किया। गाजे-बाजे, ध्वज और जयघोष के साथ यात्रा खुरई पहुंची, जहां स्थानीय नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। गुरुकुल परिसर पहुंचने के पश्चात सभी श्रद्धालु पारसनाथ जिनालय में एकत्रित हुए, जहां अभिषेक, पूजन एवं विधान संपन्न हुआ। तत्पश्चात ब्रह्मचारी संदीप भैया ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में भगवान महावीर स्वामी के व्यक्तित्व का उल्लेख किया। अहिंसा पदयात्रा का शुभारंभ गुरुकुल से हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए खुरई स्थित श्री आदिनाथ जैन मंदिर पहुंची। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए और अहिंसा एवं सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

मंदिर परिसर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान सुमतिनाथ के चरणों में भक्ति भाव से अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। इस पावन अवसर पर सन्दीप भैया ने विधिपूर्वक अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न कराई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को धार्मिक महत्व की जानकारी प्रदान की। मंत्री आरके जैन ने बताया कि ब्रह्मचारी संदीप सरल का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, विनम्र एवं सेवा-भाव से ओतप्रोत है। उनके अथक प्रयासों और समर्पण के कारण ही श्रुत धाम आज पूरे भारतवर्ष में एक विशिष्ट पहचान बना चुका है। उनकी प्रेरणा से न केवल धार्मिक गतिविधियां सशक्त हुई हैं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक जागरूकता का व्यापक प्रसार हुआ है। आज श्रुतधाम की पहचान पूरे भारत के धार्मिक मानचित्र पर स्थापित हो चुकी है, जिसका श्रेय ब्रह्मचारी संदीप सरल के सतत प्रयास, तपस्या और समर्पण को जाता है। उनकी प्रेरणा से यह अहिंसा पदयात्रा एक जन-आंदोलन का रूप लेती जा रही है।

26 मार्च को यह यात्रा प्रातः 6 बजे प्रारंभ होकर खुरई रोड स्थित शांतिनाथ जिनालय होते हुए इटावा जैन मंदिर पहुंची। 27 मार्च को पदयात्रा छोटी बजरिया स्थित पारसनाथ पंचायती जैन मंदिर छोटी बजरिया जिनालय पहुँची, जहां श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। प्रत्येक पड़ाव पर ब्रह्मचारी संदीप भैया के मंगल प्रवचन हुए। जिनमें उन्होंने अहिंसा, सत्य और सदाचार पर आधारित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। उनकी वाणी अत्यंत सरल, सहज और हृदयस्पर्शी है, जो सीधे जनमानस के अंतर्मन को स्पर्श करती है।